# न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी जिला कलक्टर बाड़मेर

**सूचना अधिकार अपील/29/2021**

**अपींलाट श्री सज्जनसिंह पुत्र श्री हुकमसिंह**
**निवासी लीलरिया धोरा वार्ड नंबर 2 तहसील एवं जिला बाड़मेर**

**बनाम**

**राज्य लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बाड़मेर**

## आदेश

दिनांक : 05.04.2021

अपीलार्थी श्री सज्जनसिंह पुत्र श्री हुकमसिंह निवासी लीलरिया धोरा वार्ड नंबर 2 तहसील एवं जिला बाड़मेर ने यह प्रथम अपील उत्तरदाता तहसीलदार बाड़मेर के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 19(1) के अन्तर्गत इस कार्यालय मे दिनांक 12.03.2021 को प्रस्तुत की गई है। अपीलार्थी द्वारा अधिनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र व्यक्तिशः उपस्थित होकर/पंजीबद्ध डाक द्वारा प्रस्तुत कर उनके कार्यालय से सम्बन्धित सूचना चाही गई। राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर वांछित सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है, फलस्वरूप यह प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है। अपील के संलग्न राज्य लोक सूचना अधिकारी को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की प्रति एवं शुल्क रूपये 10/- का पोस्टल ऑर्डर संख्या 194736 दिनांक 04.01.2021 का प्रतिपर्ण संलग्न किया गया है।

अपीलार्थी की अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोडेंट राज्य लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बाड़मेर को जरिये नोटिस मय अपील की प्रति भिजवाते हुए टिप्पणी रिपोर्ट चाही गई। रेस्पोडेंट द्वारा निर्धारित सुनवाई तिथि को टिप्पणी प्रस्तुत कर प्रकट किया हैं कि अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना पत्र क्रमांक 1008 दिनांक 31.03.2021 के द्वारा भिजवाई जा चुकी है, लिहाजा अपील दाखिल दफ्तर फरमाई जावें।

हमने अपीलांट की अपील, रेस्पोडेंट की ओर से प्रस्तुत जवाब एवं अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपीलांट को जारी पत्राचार का अवलोकन किया, जिससे यह पाया जाता हैं कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना का प्रार्थना-पत्र निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत अधिनस्थ लोक सूचना अधिकारी द्वारा नियमानुसार निस्तारण किया गया है। अतः रेस्पोडेंट के जवाब का अपील मीमो के परिप्रेक्ष्य में अवलोकन एवं विवेचन उपरांत अपीलार्थी की यह अपील सारहीन एवं आधारहीन होने से खारिज योग्य है।

अतः अपीलांट की यह अपील सारहीन होने से खारिज की जाती है। पत्रावली निर्णय शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं अधीनस्थ राज्य लोक सूचना अधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित हो।

आदेश आज दिनांक 05.04.2021 को न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vish Ram Meena
Date: 2021.04.09 11:29:47 IST
Reason: SelfAttested

प्रथम अपील अधिकारी
जिला कलक्टर बाड़मेर

जिला कलक्टर
बाड़मेर